नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

6 सितंबर, 2022 को बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री आलोक मेहता ने शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- भूमि विवाद सुलझाने में सही नक्शे की अहमियत को देखते हुए डिजिटल नक्शा उपलब्ध कराने के लिये डोर स्टेप डिलीवरी की शुरुआत की गई है। बिहार के लोगों को अब घर-बैठे ज़मीन का नक्शा मिलेगा।
- इस तरह गाँव और कस्बों का नक्शा ऑनलाइन मँगाने की व्यवस्था लागू करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है।
- मंत्री आलोक मेहता ने कहा कि इससे भूमि विवाद की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी और नक्शे की उपलब्धता को लेकर होने वाली अनावश्यक परेशानी कम होगी। इस व्यवस्था में अनावश्यक विलंब एवं भ्रष्टाचार की संभावना भी समाप्त हो जाएगी।
- नक्शा मँगाने के लिये निदेशालय की साइट **bihar.gov.in** पर जाकर डोर स्टेप डिलीवरी आइकन पर क्लिक करना होगा। फिर अपने मौजे के नक्शा का आर्डर और पेमेंट ऑनलाइन करना होगा। एक बार में एक कंटेनर में 5 शीट का ऑर्डर कर सकते हैं। नक्शा कूट के गोल और मज़बूत डिब्बे में पैक रहेगा।
- एक शीट का नक्शा 285 रुपए में मिलेगा। इसमें कंटेनर का शुल्क और डाक व्यय शामिल है। दो शीट (नक्शा) के लिये 435 रुपए, तीन शीट के लिये 585 रुपए, चार शीट के लिये 785 रुपए तथा पाँच शीट के लिये 935 रुपए का भुगतान करना होगा।
- भुगतान पेमेंट गेटवे से होगा। सभी प्रमुख बैंक इस सुविधा से जुड़े हुए हैं। भुगतान सभी प्रमुख बैंकों के डेबिट/क्रेडिट कार्ड से हो सकता है। इस सेवा के लिये बैंक अलग से चार्ज नहीं लेंगे। भुगतान के साथ ही कंप्यूटर स्क्रीन पर प्राप्ति रसीद मिलेगी, जिसे भविष्य के लिये संरक्षित कर सकते हैं।
- डोर स्टेप डिलीवरी के लिये डाक विभाग से एमओयू साइन किया गया है। नक्शों की डिलीवरी स्पीड पोस्ट से होगी। हर कंटेनर पर बार कोड जनेरेटेड स्टिकर लगाना अनिवार्य है। डाक चार्ज नक्शे के वज़न के मुताबिक होगा। एक कंटेनर की कीमत 35 रुपए है व एक कंटेनर में अधिकतम 5 नक्शे पैक किये जाएंगे। 3 नक्शा समेत कंटेनर का डाक शुल्क 100 रुपए व तीन से ज़्यादा नक्शे का 150 रुपए तय है।
- लोग बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग में उपलब्ध कुल 1,35,865 नक्शों को ऑनलाइन आवेदन कर मँगा सकते हैं। इसमें सबसे अधिक 73,086 नक्शे कैडस्टल सर्वे से संबंधित हैं। रिविजिन सर्वे से संबंधित नक्शों की संख्या 49,711 तथा चकबंदी के नक्शों की कुल संख्या 7821 है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/doorstep-delivery-of-maps